दिन–शुक्रवार                                                                 दिनांक– 19 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                              अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव आज एक दिवसीय बिहार दौरे पर। पटना और छपरा में आयोजित कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल।

02. राज्य सरकार ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सर्किल रेट बढ़ाया। जमीन की रजिस्ट्री और स्टांप शुल्क होंगे महंगे।

03. भारतीय प्रशासनिक सेवा के इक्कीस और भारतीय पुलिस सेवा के सत्ताईस अधिकारियों का तबादला। त्यागराजन एस.एम. बिहार बोर्ड के नये अध्यक्ष बनाये गये।

04. और, बीसीए की ओर से आयोजित महिला अंडर–नाईनटीन वनडे ट्रॉफी में रक्सौल की अक्षरा गुप्ता ने एक सौ छब्बीस गेंदों पर नाबाद तिहरे शतक का रिकॉर्ड बनाया।

---

रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव आज एक दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। श्री वैष्णव पटना और छपरा में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे। हमारी संवाददाता ने बताया कि श्री वैष्णव पटना के सॉफ्टवेयर टेक्नॉलोजी पार्क ऑफ इंडिया–एसटीपीआई का दौरा करेंगे।

–––साउंड बाईट–––

श्री वैष्णव एसटीपीआई में सूचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल नवाचार से जुड़े कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके बाद पाटलिपुत्र जंक्शन से छपरा जाएंगे। केंद्रीय मंत्री छपरा रेलवे स्टेशन पर छपरा–दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस दौरान श्री वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मऊ–दिल्ली एक्सप्रेस तथा दोहरीघाट–औड़िहार रेल सेवा के वाराणसी तक विस्तार का शुभारंभ भी करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद रहेंगे। बाद में श्री वैष्णव मढ़ौरा स्थित रेल इंजन कारखाने का दौरा करेंगे और इक्यावनवें निर्यात लोकोमोटिव को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

समाचार कक्ष से मैं सविता पारीक।

---

राज्य सरकार ने लगभग एक दशक बाद ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में न्यूनतम मूल्यांकन पंजी–एमवीआर यानी सर्किल रेट बढ़ा दिया है। मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में यह दर औसतन एक दशमलव छह गुना, जबकि शहरी क्षेत्रों में लगभग दोगुनी कर दी गई है। सर्किल रेट बढ़ने से जमीन की रजिस्ट्री और स्टांप शुल्क भी महंगे होंगे। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

नई व्यवस्था के तहत अब हर वर्ष एमवीआर में स्वतः पांच प्रतिशत की वृद्धि होगी और प्रत्येक तीन साल पर इसकी समीक्षा की जाएगी। वहीं, एमवीआर में भूमि की श्रेणी का भी नये सिरे से निर्धारण किया गया है। ग्रामीण और आस–पास के क्षेत्र में भूमि की सात श्रेणियां जबकि शहरी और महानगरीय क्षेत्र में भूमि की छह श्रेणियां निर्धारित की गयी है। विभागीय मंत्री मदन सहनी ने कहा कि सर्किल रेट बढ़ने से भूमि अधिग्रहण के मामलों में किसानों को अधिक मुआवजा मिलेगा। उन्होंने बताया कि महिलाओं के नाम संपत्ति रजिस्ट्री पर मिलने वाली छूट बढ़ाकर शून्य दशमलव पांच प्रतिशत कर दी गई है। समाचार कक्ष से राहुल कुमार।

---

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के इक्कीस और भारतीय पुलिस सेवा के सत्ताईस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार पटना सहित ग्यारह जिलों में नये जिलाधिकारी बनाये गये हैं। पटना के जिलाधिकारी त्यागराजन एसएम को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति का नया अध्यक्ष बनाया गया है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से

———साउंड बाईट———

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के निवर्तमान अध्यक्ष आनंद किशोर को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। नालंदा के जिलाधिकारी कुंदन कुमार को पटना का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। उदिता सिंह नालंदा की नई जिलाधिकारी होंगी। सी.वाई. भूटिया जहानाबाद, दीपक कुमार मिश्रा रोहतास, सौरभ सुमन यादव पूर्वी चम्पारण, अलंकृता पांडेय भागलपुर और विक्रम वीरकर खगड़िया के नये जिलाधिकारी बनाये गये हैं। अंशुल कुमार को बांका, समीर सौरभ को गोपालगंज, नवीन कुमार को किशनगंज और कुमार गौरव को मुजफ्फरपुर का जिलाधिकारी बनाया गया है।

आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

इधर, गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार तेरह जिलों में नये पुलिस अधीक्षक की नियुक्ति की गयी है। विक्रम सिहाग को सहरसा, उपेन्द्र नाथ वर्मा को औरंगाबाद, भानु प्रताप सिंह को खगड़िया और शुभांक मिश्रा को वैशाली का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। वहीं, कुमार गौतम पश्चिम चम्पारण के, अमितेश कुमार बांका के, शौर्य सुमन पूर्णियां के, हिमांशु शेखपुरा के और राजेश कुमार बगहा पुलिस जिला के नये पुलिस अधीक्षक होंगे। इसके अलावा शिखर चौधरी को कैमूर, परिचय कुमार को कटिहार, कोटा किरण कुमार को जहानाबाद और शैलेन्द्र सिंह को शिवहर का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

---

राज्य सरकार किसानों और सहकारी संघों को उनके उत्पादों का लाभकारी मूल्य दिलाने के लिए बिहार राज्य विपणन सहकारी संघ का गठन करेगी। सहकारिता विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। विभागीय मंत्री रामकृपाल यादव ने बताया कि बिस्कोमान की तर्ज पर गठित होने वाले इस संघ से किसानों को बेहतर बाजार मिलेगा। साथ ही कृषि और सहकारी अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। संघ की अंश

पूंजी पांच सौ करोड़ रूपये तय की गयी है। मंत्री ने बताया कि संघ के निदेशक मंडल में सत्रह सदस्य होंगे।

———————————————————

बियाडा की परियोजना समा–शोधन समिति ने तीस औद्योगिक इकाईयों के लिए छब्बीस दशमलव पांच नौ एकड़ भूमि के आवंटन को मंजूरी दे दी है। इन इकाईयों से राज्य में छह सौ सत्ताईस करोड़ रूपये से अधिक का निवेश आयेगा। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने बताया कि इन औद्योगिक इकाईयों से तीन हजार से अधिक लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

———————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज पटना में नगर विकास और आवास विभाग की एक सौ सत्तावन योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। श्री चौधरी दो सौ अड़तीस करोड़ रूपये से अधिक लागत की एक सौ चौदह योजनाओं का उद्‌घाटन करेंगे जबकि सैंतालीस करोड़ रूपये से अधिक लागत वाली तैंतालीस योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव तथा नगर विकास और आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा भी उपस्थित रहेंगे।

———————————————————

कृषि विभाग के उद्यान निदेशालय की ओर से आज से पटना के बामेती सभागार में तीन दिवसीय आम महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा महोत्सव का उद्‌घाटन करेंगे। इस आयोजन में विभिन्न जिलों के आम उत्पादक किसान शामिल होंगे।

———————————————————

प्रदेश में पिछले छह दिनों से मॉनसून निष्क्रिय बना हुआ है। मॉनसून की उत्तरी सीमा जमुई और मुजफ्फरपुर में रूकी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले चार–पांच दिनों के दौरान मॉनसून के प्रसार की अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी। इधर, विभाग ने आज राज्य के कई हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान बेगूसराय, लखीसराय और मुंगेर जिले में तेज हवा के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। इसके अलावा पटना, गया और भागलपुर समेत दस जिलों में भी तेज हवा, मेघगर्जन और वज्रपात का अलर्ट है।

———साउंड बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान बयालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ भभुआ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का

अधिकतम तापमान चालीस दशमलव तीन डिग्री सल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, छपरा, कैमूर, शेखपुरा और बक्सर में उष्ण लहर जैसी स्थिति रही।

———————————————————

भागलपुर में बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित महिला अंडर–नाईनटीन वनडे ट्रॉफी में पूर्वी चंपारण के रक्सौल की उन्नीस वर्षीय बल्लेबाज अक्षरा गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र एक सौ छब्बीस गेंदों पर नाबाद तीन सौ छह रन बनाये हैं। अपनी रिकॉर्ड पारी में अक्षरा ने पचपन चौके और आठ छक्के लगाए। घरेलू क्रिकेट में मुम्बई की इरा गुप्ता के बाद यह महिला क्रिकेट इतिहास की सबसे बड़ी पारियों में से एक है। अक्षरा की इस विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत टीम–ए ने चालीस ओवर में चार सौ पचास रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में टीम सी एक सौ इक्कीस रन पर सिमट गई।

———————————————————

प्रदेश के विश्वविद्यालयों में अब बिना इंटर्नशिप के छात्रों को स्नातक की डिग्री नहीं मिलेगी। बिहार लोक भवन ने इस संबंध में सभी विश्वविद्यालयों को आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि चौथे सेमेस्टर के छात्रों के लिए एक सौ बीस घंटे की इंटर्नशिप करना अनिवार्य है।

———————————————————

केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय की स्वच्छ और हरित विद्यालय रेटिंग में बेगूसराय जिले के मध्य विद्यालय, मोहनपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य में पहला स्थान हासिल किया है। राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय को सत्ताईसवां स्थान मिला है। विद्यालय को यह उपलब्धि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित वातावरण, स्वच्छता, पर्यावरण और जल संरक्षण, पौधारोपण तथा छात्र सहभागिता जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिली है।

———————————————————

समस्तीपुर से पुलिस ने नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मूसापुर और धर्मपुर मोहल्ले में बंधक बनाकर रखे गये एक सौ पांच युवक–युवतियों को पुलिस ने मुक्त कराया है। इन सभी पर चेन मार्केटिंग के जरिये नये लोगों को जोड़ने के लिए दबाव बनाया जाता था। पुलिस ने इस मामले में तीन महिलाओं समेत नौ आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस नेटवर्क के सरगना की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————

पटना स्थित निगरानी की अदालत ने पथ निर्माण विभाग के पूर्व कार्यपालक अभियंता अवधेश कुमार सिंह, उनकी पत्नी अल्पना सिंह और परिवार के अन्य सदस्यों की अवैध संपत्ति को जब्त करने का फैसला सुनाया है। जब्त की जाने वाली संपत्ति का बाजार मूल्य एक करोड़ चौदह लाख रूपये से अधिक है। अवधेश कुमार सिंह को सीबीआई ने वर्ष दो हजार नौ में दिल्ली के एक होटल से ढ़ाई लाख रूपये घूस लेते गिरफ्तार किया था।

---

बक्सर जिले के सरस्ती गांव के पास ठोरा नदी में नहाने के दौरान डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गयी। वहीं, कैमूर जिले के चांद थाना क्षेत्र अन्तर्गत ढेढुआ गांव में तालाब में डूबने से दो सगे भाईयों की मौत हो गयी।

---

समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत नामचीन बसेरा बड़चौराहे के पास एक ऑटो रिक्शा और मोटरसाईकिल के बीच हुई टक्कर में एक दम्पति सहित तीन लोगों की मौत हो गयी।

---

कटिहार जिले के फलका थाना क्षेत्र से पुलिस ने मादक पदार्थ स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में से एक सुनील कुमार अररिया के पूर्व सांसद रामजीदास ऋषि का पुत्र है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– मध्य–पूर्व जंग अमेरिका और ईरान ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– महंगी हुयी जमीन। गांव में एक दशमलव छह गुना तो शहरों में दो गुना हुआ सर्किल रेट।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– इक्कीस आईएएस अफसरों का ट्रांसफर। ग्यारह जिलों मे नये डीएम बने। बारह जिलों के एसपी भी बदले गये।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है– एएन कॉलेज समेत दस कॉलेजों में अब रात आठ बजे तक होगी पढ़ाई।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– सूबे में हर हाल में कायम रहेगा कानून का राज– सम्राट चौधरी।

आज अखबार लिखता है– बिहार के नये महाधिवक्ता बने एसडी संजय।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव आज एक दिवसीय बिहार दौरे पर। पटना और छपरा में आयोजित कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल।

02. राज्य सरकार ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सर्किल रेट बढ़ाया। जमीन की रजिस्ट्री और स्टांप शुल्क होंगे महंगे।

03. भारतीय प्रशासनिक सेवा के इक्कीस और भारतीय पुलिस सेवा के सत्ताईस अधिकारियों का तबादला। त्यागराजन एस.एम. बिहार बोर्ड के नये अध्यक्ष बनाये गये।

04. और, बीसीए की ओर से आयोजित महिला अंडर–नाईनटीन वनडे ट्रॉफी में रक्सौल की अक्षरा गुप्ता ने एक सौ छब्बीस गेंदों पर नाबाद तिहरे शतक का रिकॉर्ड बनाया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।